भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

**Title:**प्रेस-विज्ञप्ति

**Reference No.:**--

**Date:**13/10/2015

हिंदी सप्ताह 2015 का आयोजन

प्रेस-विज्ञप्ति

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, हैदराबाद में हिंदी सप्ताह **2015** का आयोजन

-

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 14 से 19 सितंबर, 2015 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस समारोह का शुभारंभ प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री टी. एस. विजयन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अभिभाषण में प्राधिकरण में हिंदी के प्रयोग को बढावा देने के लिये ज़ोर दिया और सभी विभागाध्यक्षों को सुझाव दिया कि सभी विभागों की अधिकाधिक बैठकों आदि में हिंदी भाषा का प्रयोग करें।

प्राधिकरण के सदस्य (जीवन) श्री नीलेश साठे ने राजभाषा विभाग को हिंदी सप्ताह के आयोजन में नवीनता लाने के लिये विभिन्न उन्नत सुझाव दिये ताकि प्राधिकरण के अधिकाधिक हिंदी भाषी व ग़ैर-हिंदी भाषी अधिकारियों / कर्मचारियों को इस सप्ताह की विभिन्न

प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन, आशुभाषण, अंताक्षरी में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके| सभी प्रतियोगिताओं में प्राधिकरण के अधिकारियों नें हर्षोउल्लास से भाग लिया| इस वर्ष श्री अनुराग वाजपेयी, कनिष्ठ अधिकारी ने प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक ईनाम जीते|

राजभाषा विभागाध्यक्ष श्री संजीव कुमार जैन, संयुक्त निदेशक व श्री कमल चौला, वरिष्ठ सहायक निदेशक ने सभी विभागों के प्रतिनिधियों सहित हिंदी सप्ताह समारोह कार्यान्वयन समिति का गठन किया और सफलता पूर्वक हिंदी सप्ताह के सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया| इस आयोजन का समापन समारोह दिनांक 19 सितंबर, 2015 को एलआईसी के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में किया गया| जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री दिनेश बाहेती, राजभाषा विभागाध्यक्ष व प्रबंधक, नेशनल इंश्योरेंस, हैदराबाद को आमंत्रित किया गया|

समारोह का शुभारंभ श्री गणेश वंदना से किया गया जिसे श्रीमति एन.सी. पदमजा, ओएसडी ने प्रस्तुत किया| समारोह में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री दिनेश बाहेती, श्री नीलेश साठे व श्री सुरेश माथुर, वरिष्ठ संयुक्त निदेशक के कर कमलों द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये| समारोह में श्री नीलेश साठे ने राजभाषा विभाग की कर्तव्य निष्ठा की सराहना की जिनके अथक प्रयासों से हिंदी सप्ताह का सफल आयोजन किया गया| उन्होंने अपने अभिभाषण में प्राधिकरण के अधिकारियों को सरकारी काम काज में अधिकाधिक हिंदी भाषा के प्रयोग के लिये प्रोत्साहित किया| श्री बाहेती ने अपने अभिभाषण में हमारे देश में हिंदी की व्यापकता और महत्वता के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किये| समारोह के अंत में श्री संजीव कुमार जैन ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा|